आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरूवार 27.06.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा – सरकार हाल के पेपर लीक की घटनाओं की जांच करने और दोषियों को दंडित करने के लिए प्रतिबद्ध।
- 16 जुलाई से शुरू हो रहे हरेला के दौरान राज्य में पचास लाख पौधे लगाने का लक्ष्य।
- दक्षिण–पश्चिम मानसून के सक्रिय होने के चलते देहरादून, रूद्रप्रयाग, टिहरी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, नैनीताल और चम्पावत में कल कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।
- टी–ट्वेंटी विश्व कप के दूसरे सेमी–फाइनल में आज रात भारत का मुकाबला इंग्लैंड से।

**संबोधन–1**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सरकार पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा–संबंधित निकायों, उनके कामकाज और परीक्षा प्रक्रिया के सभी पहलुओं में बड़े सुधारों की दिशा में काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि चाहे प्रतियोगी परीक्षाएं हों या सरकारी भर्ती की प्रक्रिया, सभी में पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि नई सरकार आगामी संसद सत्र में अपना पहला आम बजट पेश करने जा रही है, यह उसकी दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा और सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। अर्थव्यवस्था की मजबूती पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि केंद्र विनिर्माण, सेवाओं और कृषि को समान महत्व दे रहा है। उन्होंने कहा कि देश, सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर पर्यटन और स्वास्थ्य हर क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभर रहा है। इससे बड़ी संख्या में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

**संबोधन –2**

कृषि क्षेत्र को दी गई प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण क्षमता बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। उन्होंने भारतीय शहरों को दुनिया में सर्वोत्तम रहने की जगह बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। अपने लगभग एक घंटे के संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार की पहल पर भी प्रकाश डाला और कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले दस वर्षों में तीन लाख 80 हजार किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है।

**राष्ट्रीय खेल आयोजन तैयारियां**

राज्य में दिसंबर महीने में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए खेल विभाग अभी से तैयारियों में जुटा है। प्रदेश के 7 जिलों में आयोजित होने वाले विभिन्न खेलों को लेकर अपर सचिव जितेंद्र सोनकर ने कहा कि सभी तैयारियों को समय से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी आयोजन में समय है और सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।

**आग्रह**

राज्य सरकार ने केंद्र से प्रदेश के वन क्षेत्रों में स्थित जलस्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए सरकारी विभागों को अनुमति देने का आग्रह किया है। केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव की जल शक्ति अभियान–कैच द रैन से सम्बन्धित विडियो कान्फ्रेसिंग में राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यह अनुरोध किया। श्रीमती रतूड़ी ने कहा कि उत्तराखण्ड में राज्य स्तरीय स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजुविनेशन प्राधिकरण (सारा) के माध्यम से जल संरक्षण और जलस्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। सूख रहे जल स्रोतों, सहायक नदियों व धाराओं का चिन्हीकरण किया गया है। इनके संग्रहण क्षेत्रों की पहचान की गई है। विकासखण्ड स्तर पर कम से कम 10 सूख रहे जल स्रोतों और जिला स्तर पर न्यूनतम 20 सहायक नदियों और धाराओं के उपचार को जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**साक्षात्कार तिथि**

उत्तराखंड प्रांतीय सिविल सेवा–पी.सी.एस के लिए तीन और चार जुलाई को साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। 59 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया है। राज्य लोक सेवा आयोग ने चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की है। राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि को साक्षात्कार कार्यक्रम में पहुंचे को कहा है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अलग से डाक माध्यम द्वारा साक्षात्कार के पत्र नहीं भेजे जाएंगे। साक्षात्कार संबंधी जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## पौधरोपण अभियान–हरेला

आगामी 16 जुलाई से शुरू हो रहे हरेला के दौरान राज्य में पचास लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। हरेला के शुरूआती तीन दिनों में 25 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। हरेला में पौधरोपण के संबंध में मुख्यमंत्री ने आवश्यक निर्देश दिए थे, जिनके क्रम में प्रमुख सचिव, वन, आर.के. सुधांशु ने आवश्यक कार्यवाही करने को कहा है। हरेला के दौरान लगाए जाने वाले पौधों में पचास प्रतिशत पौधे फलदार प्रजाति के होंगे।

## अनुरोध

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में आज केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू से भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की कार्यवाही जल्द से जल्द शुरू करने के संबंध में अनुमोदन प्रदान करवाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊधमसिंह नगर के पंतनगर में स्थित रनवे छोटा होने के कारण इस एयरपोर्ट पर बड़े वायुयानों को उतारना संभव नहीं हो पा रहा है, जिसके लिए रनवे को बढ़ा कर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण किया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई वर्तमान में एक हजार 372 मीटर है जिसे बढ़ाकर 3000 मीटर किया जाना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में विभिन्न विभागों की कुल 804 एकड़ हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से जॉलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए वन विभाग की 87 हेक्टेयर भूमि के हस्तातंरण के संबंध में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुरोध करते हुए विस्तारीकरण पर कार्य शुरू करने की अनुमति प्रदान करने का भी अनुरोध किया।

## मौसम

दक्षिण–पश्चिम मानसून आज उत्तराखंड के अधिकांश भागों में आगे बढ़ गया है। इससे राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में राज्य के सभी जिलों में अधिकांश स्थानों पर बारिश हो सकती है। विभाग ने कल राजधानी देहरादून सहित रूद्रप्रयाग, टिहरी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, नैनीताल और चम्पावत में कहीं–कहीं गरज और आंधी के साथ भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अर्लट जारी किया है। इस दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

## आपदा प्रबंधन

इधर, मॉनसून में आपदा प्रबंधन को सुदृढ बनाने के लिए राज्य सरकार ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। आपदा प्रबंधन विभाग, सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहा है। मानसून सीजन के दौरान किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रंधबन विभाग ने भूस्खलन वाले संवेदनशील स्थानों को पहले से ही चिन्हित कर लिया है। आपदा प्रबंधन सचिव डॉक्टर रंजीत सिन्हा ने बताया कि इन स्थानों पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, और जिला आपदा मोचन बल के दलों को तैनात कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग इन स्थानों पर पहले से ही सक्रिय है। साथ ही चारधाम यात्रा मार्गों पर भी अधिकारी समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं। आपदा प्रबंधन की तैयारियों के मद्देनजर राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब 154 भूस्खलन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। इनमें से 114 स्थलों के उपचार को स्वीकृति दी जा चुकी है और 92 संवेदनशील स्थानों का उपचार किया जा रहा है।

## क्रिकेट विश्व कप–सेमीफाइनल

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के दूसरे सेमी–फाइनल में आज भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। मैच रात आठ बजे शुरू होगा। भारतीय टीम अपने आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 24 रन से जीत दर्ज करने के बाद सुपर 8 राउंड में अंक तालिका में शीर्ष पर रही। दूसरी ओर, इंग्लैंड सुपर 8 राउंड में दूसरे नंबर पर रही। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है जो फाइनल की राह तय करेगा। मैच में बारिश की वजह से असर पड़ सकता है। भारतीय गेंदबाजों ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव की तिकडी मजबूत दिखी। इंग्लैंड की टीम भी मजबूत है जो सेमीफाइनल में कड़ी टक्कर देगी।